# मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवॉरका, सहारनपुर उ0प्र0 पिन – 247120)

Website-msuniversity.ac.in

Gmail ID –registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1604/प्रवेश /MSU/ 2022–23

दिनांक : 06-10-2022

## प्रवेश सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचना

मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों /संस्थानों में विभिन्न परास्नातक (P.G.) पाठयकमों में सत्र 2022–23 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय वैबसाईट पर दिनांक 08.08.2022 से 05.10.2022 तक आनलाईन पंजीकरण कराये गये । पंजीकृत अभ्यर्थियों की विभिन्न पाठयकमों में (एल0एल0एम0,एम0एड0, एम0पी0एड0,बी0पी0एड0 को छोडकर) प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार आरक्षण नियमों का पालन करते हुए निम्न समय – सारणी अनुसार की जानी है।

| | |
|---|---|
| परास्नातक प्रथम मेरिट सूची जारी होने की तिथि | 09 अक्टूबर 2022 |
| प्रथम मेरिट सूची के प्रवेश | 10,11,12 अक्टूबर 2022 |
| परास्नातक द्वितीय मेरिट सूची जारी होने की तिथि | 16 अक्टूबर 2022 |
| द्वितीय मेरिट सूची के प्रवेश | 17,18,19 अक्टूबर 2022 |
| ओपन मेरिट तिथि | 30 अक्टूबर 2022 |

**अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक निर्देश**

1. जिस अभ्यर्थी का नाम मेरिट लिस्ट में होगा, उस अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा मेसेज के माध्यम से सूचित किया जायेगा।
2. मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने के मैसेज प्राप्त करने के उपरान्त अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वैबसाइट https://msuweb.in/ पर जाकर अपनी लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड की सहायता से ऑफर लैटर डाउनलोड करेगें।
3. आफर लैटर , रजिस्ट्रेशन फार्म एवं सभी शैक्षिक एवं अन्य आरक्षण इत्यादि सम्बन्धी अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति, मूल अभिलेख, फोटो इत्यादि लेकर सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में निर्धारित तिथि तक अपना प्रवेश सुनिश्चित करेंगें।
4. यह स्मरण कराना समीचीन है कि अभ्यर्थी को उसके द्वारा दी गई प्रथम वरीयता का महाविद्यालय/संस्थान मिलने पर प्रवेश न लेने की स्थिति में सीट रिक्त रहने की स्थिति में ही ओपन मेरिट में प्रवेश का अवसर मिल सकता है। प्रथम वरीयता महाविद्यालय/संस्थान में नाम आने पर व प्रवेश सम्पुष्ट (Confirm) होने के पश्चात पुनः नाम किसी भी मेरिट लिस्ट (ओपन सहित) में प्रदर्शित नहीं होगा।
5. किसी भी मेरिट लिस्ट की समय सीमा समाप्त होने पर किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा।
6. अभ्यर्थी द्वारा दी गयी सूचना यदि गलत पायी जाती है तो उसी समय अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
7. अनुसूचित जाति/ जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर (EWS), विकलांग, स्वतन्त्रता सेनानी, पूर्व सेनिक वार्ड इत्यादि सम्बन्धी मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय न होने की स्थिति में आरक्षण सम्बन्धी कोई लाभ नहीं दिया जायेगा।
8. प्रवेश लेने के समय सभी मूल शैक्षिक एवं अन्य अभिलेख अभ्यर्थी अपने साथ रखें। अन्यथा की स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
9. प्रवेश के समय अभ्यर्थी अपने निम्न दस्तावेजों की प्रमाणित छायाप्रति एवं मूल प्रति अपने साथ लाये।

xiii. Application form (Print)
xiv. Offer Letter
xv. High school mark sheet and Certificate
xvi. Intermediate mark sheet and Certificate
xvii. Graduation Marksheet and Degree
xviii. Domicile certificate (for other state)
xix. Migration Certificate
xx. Category certificate (if required)
xxi. Weightage certificate( if required)
xxii. Aadhaar card
xxiii. Latest passport size photographs
xxiv. Character and transfer certificate( in original)

**महाविद्यालय / संस्थान हेतु आवश्यक निर्देश**

1 महाविद्यालय अपने स्तर से समस्त प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के मूल पत्राजात प्रवेश समिति द्वारा पूर्ण से जॉच कराना सुनिश्चित करें।

2 महाविद्यालय/संस्थान अनिवार्य रूप से मेरिट सूची हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश सम्पुष्ट (Confirm) कराना सुनिश्चित करें। मैरिट सूची हेतु अंतिम तिथि के उपरान्त प्रवेश सम्पुष्ट नहीं हो पायेगें।

06-10-2022

प्रो० (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
एवं
प्राचार्य, चौ० छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
मुजफ्फरनगर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा० कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या /निदेशक , मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आशय से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
6. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

06-10-2022

प्रो० (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक